संख्या:-10/2017/आडिट-2-1453/दस-2017-611(2)/2017

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

रजिस्ट्रार,

फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, उ0प्र0,

तृतीय तल, विकास दीप,

हुसैनगंज, लखनऊ।

वित्त (लेखा परीक्षा) अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 24 अगस्त, 2017

विषय:- कार्यालय रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, उ0प्र0 की पत्रावलियों के डिजिटाइजेशन हेतु आवश्यक बजट के प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1391/अधि0, दिनांक 10 अगस्त, 2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि आई0टी0 एवं इलैक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 16-08-2002 के अनुपालन में तीन कार्यदायी संस्थाओं **एन0आई0सी0, यू0पी0डेस्को व यू0पी0ई0सी0एल0** से कार्य कराने हेतु कोटेशन एवं कार्ययोजना का परिपक्व प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु दिनांक 22-06-2017 को पत्र प्रेषित किया गया है, जिसके उत्तर में **एन0आई0सी0** से अभी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यू0पी0डेस्को द्वारा उक्त कार्य हेतु लगभग रु0-11 करोड. 50 लाख का प्रस्ताव तथा यू0पी0ई0सी0एल0 द्वारा रु0-12 करोड. 50 लाख का प्रस्ताव प्राप्त होने की जानकारी आप द्वारा दी गयी है।

2. उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आप द्वारा **यू0पी0डेस्को** द्वारा उक्त कार्य हेतु लगभग रु0-11 करोड. 50 लाख का प्रस्ताव तथा **यू0पी0ई0सी0एल0** द्वारा रु0-12 करोड. 50 लाख का प्रस्ताव शासन के अवलोकनार्थ प्रस्तुत नहीं किये गये हैं। आप द्वारा उक्त संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों के मात्र **'कवरिंग लेटर'** उपलब्ध कराये गये हैं जिससे दोनों संस्थाओं के प्रस्तावों का तुलनात्मक अध्ययन सम्भव नहीं है।

अत: इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सभी संस्थाओं से कोटेशन एवं कार्ययोजना का चरणबद्ध परिपक्व प्रस्ताव प्राप्त कर मूलरूप में शासन को तुलनात्मक अध्ययन हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

उमा द्विवेदी

अनु सचिव।

Shasanadesh.up.nic.in